Alberta

न्यूज़ रिलीज़

कोविड-19 वैक्सीन QR कोड स्कैन करने के लिए ऐप अब उपलब्ध है

12 अक्टूबर, 2021

QR कोड के साथ टीकाकरण के प्रमाण की जांच के लिए सरकार समर्थित सत्यापन ऐप अब डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

व्यवसाय और संगठन अपने ग्राहकों के टीकाकरण की स्थिति की त्वरित और आसानी से पुष्टि करने के लिए मुफ्त एबी कोविड रिकॉर्ड्स सत्यापनकर्ता (AB Covid Records Verifier) ऐप का उपयोग शुरू कर सकते हैं। एबी कोविड रिकॉर्ड्स सत्यापनकर्ता ऐप ऐपल और ऐन्ड्रॉइड डिवाइसों पर संबंधित ऐप स्टोर के माध्यम से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

अल्बर्टा निवासी बिना अकाउन्ट बनाए alberta.ca/CovidRecords पर QR कोड के साथ अपने उन्नत वैक्सीन रिकॉर्ड को ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

जब एक वैध QR कोड स्कैन किया जाता है, तो हरे रंग का चेक मार्क टीकाकरण के प्रमाण को सत्यापित करेगा। वह एक व्यक्ति का नाम और जन्म तिथि भी प्रदर्शित करेगा, जिसे व्यवसायों को अन्य पहचान के खिलाफ जांचने के लिए कहा जाता है। ऐप किसी भी व्यक्तिगत जानकारी को संग्रहित नहीं करती है और डाउनलोड होने के बाद इसे संचालित करने के लिए इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती है।

QR कोड में एक सुरक्षित डिजिटल हस्ताक्षर होता है जो सत्यापित करता है कि यह अल्बर्टा हेल्थ द्वारा प्रदान किया गया है और इसकी नकल बनाना बेहद कठिन है। बैंकिंग प्रणाली और अन्य उद्योगों में सुरक्षित लेनदेन के लिए इसी तकनीक का उपयोग किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध छूट कार्यक्रम में निर्धारित टीकाकरण आवश्यकता को पूरा नहीं करता है या यदि QR कोड के साथ छेड़छाड़ की जाती है, तो स्कैन किए जाने पर रिकॉर्ड अमान्य दिखाई देगा।

संबंधित जानकारी

Alberta.ca/CovidRecords

Alberta.ca/Vaccine

कोविड-19 पब्लिक हेल्थ

कोविड-19 जानकारी

मीडिया पूछताछ

स्टीव ब्युइक (Steve Buick)
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य

Alberta

न्यूज़ रिलीज़

अल्बर्टा निवासी स्थानीय रजिस्ट्री एजेंट कार्यालय से या 811 पर कॉल करके, बिना किसी शुल्क के QR कोड के साथ टीकाकरण के छापे हुए प्रमाण का अनुरोध कर सकते हैं। टीकाकरण के प्रमाण के अन्य रूप 15 नवंबर तक स्वीकार किए जाते रहेंगे, जिसमें वैक्सीन प्रदाताओं से कागजी रिकॉर्ड या एक स्क्रीनशॉट, या alberta.ca/CovidRecords या MyHealthRecords से एक प्रिंट किया हुआ रिकॉर्ड शामिल है।

मुख्य तथ्य

- व्यवसायों को एक वैध ID के लिए जांच करने के लिए कहा जाता है जो टीकाकरण के किसी भी प्रकार के प्रमाण को 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए वैक्सीन रिकॉर्ड से मैच करती है।
- QR कोडों को सोशल मीडिया पर साझा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे स्कैन किए जाने पर टीकाकरण के प्रमाण को सत्यापित करने के अलावा जन्म तिथि और पूरा नाम दिखाते हैं। QR कोड किसी अन्य स्वास्थ्य या व्यक्तिगत जानकारी से जुड़ा नहीं है।
- नकली टीकाकरण रिकॉर्ड बनाना या उसका उपयोग करना एक अपराध है जिसके लिए फौजदारी का मुकद्दमा और/या पहली बार किए गए अपराध के लिए $100,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
- अगर आपके फोन से QR कोड को स्कैन करने में समस्या आ रही है, तो कोड पर जूम इन करें और ब्राइटनेस बढ़ाएं। यदि छपाई का आकार छोटा किया गया है या कागज़ की प्रति झुर्रीदार है तो QR कोड ठीक से स्कैन नहीं हो सकता है। पेपर कॉपी को QR कोड के बीच में से न मोड़ें।
- 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों सहित, अल्बर्टा निवासियों को alberta.ca/CovidRecords के माध्यम से एक QR कोड के साथ टीकाकरण के अपने प्रमाण तक पहुंचने के लिए किसी भी खुराक के टीकाकरण के महीने और वर्ष, अल्बर्टा पर्सनल हेल्थ नंबर और जन्म तिथि दर्ज करने की आवश्यकता होगी।
- कोई भी व्यक्ति जिस के पास अपने टीके के रिकॉर्ड में नामौजूद या गलत जानकारी है या जिसे उसे एक्सेस करने में समस्या है, वह alberta.ca/CovidRecordsHelp पर जा सकता है।
- ऐप के साथ समस्याओं का सामना करने वाले व्यवसाय 1-888-527-1224 पर सहायता लाइन से संपर्क कर सकते हैं या covid19record@gov.ab.ca पर ईमेल कर सकते हैं।